गोदी में बिठाके हमको प्यार करदे | Amit Kalra Meetu

कोई कहे दुखो ने घेरा कहीं मुसीबत भारी है
पर वो बैठे मौज उड़ाते जिनकी श्याम से यारी है
बोलो खाटू नरेश की जय........

सांवरे यो थोड़ा उपकार कर दे
गोदी में बिठाके हमको प्यार कर दे

सुदामा से यारी तेरी हमको सिखाती है
अमीरो की दुनिया पर तू गरीबो का साथी है
नाम मेरा प्रेमियों में शुमार कर दे
गोदी में बिठाके हमको प्यार कर दे

दुष्टो ने द्वापर में जब नारी को सताया था
सुनके पुकार उसका चीर बढ़ाया था
दया की नजरिया एक बार कर दे
गोदी में बिठाके हमको प्यार कर दे

नरसी ने दौलत देकर तुझसे लाल पाया था
तूने कान्हा पग पग पे तब धरम निभाया था
मीतू की नैया बाबा पार कर दे
गोदी में बिठाके हमको प्यार कर दे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%97%e0%a5%8b%e0%a4%a6%e0%a5%80-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-%e0%a4%ac%e0%a4%bf%e0%a4%a0%e0%a4%be%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%b9%e0%a4%ae%e0%a4%95%e0%a5%8b-%e0%a4%aa%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be/